SHRI BHIM SINGH (Jhunjunu): I beg to move.

"That the Demand under the Head Department of Agriculture and Co-operation be reduced by Rs. 100."

[Need to check malpractices in NAFED. (78)

"That the Demand under the Head Department of Agriculture and Cooperation be reduced by Rs. 100."

[Failure of Agricultural Price Commission to fix the agricultural prices after studying all aspects of agriculture. (79)].

"That the Demand under the Head Department of Agriculture and Cooperation be reduced by Rs. 100."

[Need to achieve the targets of food production, cereals, oil seeds and pulses. (80)].

"That the Demand under the Head Department of Agriculture and Cooperation be reduced by Rs. 100."

[Need to give remunerative prices for sugarcane, groundnut, gram, wheat, coriander, chilli, jawar, mustard, soyabean, moong and urad. (81)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to meet the requirements of seeds and their supply to farmers at proper time and to release improved varieties of seeds to them. (82)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to evolve effective and economical insecticides to control white crub. (83)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to make adequate milk collection from rural areas to meet the increasing demand for milk. (84)].

"That the Demand under the Head Department of Food be reduced by Rs. 100."

[Need to take over wholesale trade in foodgrains to ensure distribution at controlled prices through a network of public distribution system. (86)

SHRI T. R. SHAMANNA (Bangalore South): I beg to move.

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to increase the production of pulses, vegetables and oil seeds. (110)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to give more assistance to farmers for buying cows, buffaloes and cattle feed to increase milk production. (111)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to give remunerative prices to farmers for their agricultural commodities by eliminating middle-men (112)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to provide financial assistance to farmers at their doors through rural banks. (113)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to popularise the bio-gas in rural areas to save fuel and manure. (114)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to supply chemical manure to farmers at lower prices. (115)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to encourage farmers to use more and more animal manure and green manure. (116)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to supply good quality seeds to farmers. (117)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to provide insecticides to farmers to remove pests and give proper storing facilities to check waste by rats. (118)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to develop fish culture in rural areas. (119)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100".

[Need to provide assistance to farmers to have subsidiary jobs like sericulture, bee-keeping, poultry farming, mixed farming and dairy farming to become economically strong. (120)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to introduce crop insurance. (121)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to provide to the farmers the techniques of dry farming and rotation of crops. (122)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to encourage co-operative farming. (123)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to check the adulteration of seri-culture products to help farmers to get better price. (124)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to give better veterinary facilities in rural areas. (125)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to preserve and protect wild animals which are rapidly disappearing. (126)].

"That the Demand under the Head Agriculture be reduced by Rs. 100."

[Need to free agriculturists from the clutches of money lenders. (127)].

"That the Demand under the Head Forest be reduced by Rs. 100."

[Need to conserve existing forests and take up vigorous afforestation work. (128)].

Ministry of Rural Development

SHRI T. R. SHAMANNA: I beg to move.

"That the Demand under the Head Ministry of Rural Development be reduced by Rs. 100."

[Need to strengthen and expand coverage of Integrated Rural Development and National Rural Employment Programmes. (18)].

"That the Demand under the Head Ministry of Rural Development be reduced by Rs. 100."

[Need to rehabilitate bonded labourers in rural areas by giving them regular work and wages. (19)].

"That the Demand under the Head Ministry of Rural Development be reduced by Rs. 100."

[Need to complete the programme to supply drinking water to villages without further delay. (20)].

"That the Demand under the Head Ministry of Rural Development be reduced by Rs. 100."

[Need for building simple and durable houses for the poor villagers particularly for Scheduled Castes and Scheduled Tribes. (21)].

"That the Demand under the Head Ministry of Rural Development be reduced by Rs. 100."

[SHRI T. R. Shamanna]

[Need to give proper medical assistance in rural areas. (22)].

"That the Demand under the Head Ministry of Rural Development be reduced by Rs. 100."

[Need to give compulsory education to the children in rural areas and adult education to the aged. (23)].

"That the Demand under the Head Ministry of Rural Development be reduced by Rs. 100."

[Need to provide rural approach roads to all villages particularly those in the interior areas. (24)].

"That the Demand under the Head Ministry of Rural Development be reduced by Rs. 100".

[Need to start agriculture-based industries in backward areas of the country. (25)].

"That the Demand under the Head Ministry of Rural Development be reduced by Rs. 100."

[Need for implementation of land ceiling laws and distribution of surplus land among the poor. (26)].

"That the Demand under the Head Ministry of Rural Development be reduced by Rs. 100."

[Need for giving reasonable compensation to those whose lands have been taken on account of land reforms. (27)].

"That the Demand under the Head Ministry of Rural Development be reduced by Rs. 100."

[Need to help very small land holders, widows and unmarried daughters by giving them exemption under Land Ceiling Act. (28)].

"That the Demand under the Head Ministry of Rural Development be reduced by Rs. 100."

[Need to check agricultural land fragmentation. (29)].

श्री न. प्र. राय (गोपालगंज) : मान्यवर, सदन में जो कृषि मंत्रालय की मांगें पेश की गई हैं, मैं उन का समर्थन करता हूं ।

हमारी प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने 1982 के साल को उत्पादन का साल घोषित किया है । 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम में भी श्रीमती गांधी ने पहली, दूसरी एवं अन्य अधिकतम मदों को भी कृषि एवं कृषकों को से संबंधित काय, जोड़ कर रखा है । सिंचाई क्षमता में और वृद्धि तथा सूखी जमीन पर खेती से संबंधित तकनीकी जानकारी तथा उपकरण आदि तैयार करा कर किसानों तक पहुंचाने का निश्चय किया है तथा तिलहन दलहन आदि का उत्पादन बढ़ाने का संकल्प किया है इससे स्पष्ट होता है कि हमारी प्रधान मंत्री किसानों के उत्थान एवं उन्नति के लिये कितनी चिंतित हैं ।

किसान भी इंदिरा जी के ऐलान को अपनी प्रतिष्ठा का विषय बना कर उत्पादन कार्य में जी जान से जूझ पड़े हैं । कृषि हमारी राष्ट्रीय समृद्धि का आधार है। इस लिये किसान भाइयों के प्रति हम सबों की एक खास जिम्मेवारी है । उनके लिये आर्थिक विकास, रहन-सहन के स्तर में सुधार तथा कृषक परिवारों के जीवन को बेहतर बनाने के लिये हमें कुछ ठोस कदम उठाने होंगे । गांवों में कृषि विकास, उद्यान विकास, पशुपालन, स्वास्थ्य सेवा विस्तार, परिवार कल्याण, आधुनिक सुलभ शिक्षा, यातायात की सुविधा, स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था आदि पर विशेष बल देना होगा। आज भी करीब 60 प्रतिशत लोग गरीबी की रेखा के नीचे जीवन बसर कर रहे हैं । खेती के योग्य जमीन लगभग 40 करोड़ एकड़ होगी और जनसंख्या 67 करोड़ हो गई । अत: प्रति व्यक्ति खेत दो बटा तीन एकड़ से कम ही पड़ेगा । ।

राष्ट्रीय आय में कृषि से 40 प्रतिशत आती है तथा निर्यात में 60 प्रतिशत की आमदनी कृषि उत्पादन तथा कृषि पर आधारित उद्योग के जरिये होती है ।

वर्तमान में कृषि पदार्थों का मूल्यांकन एवं पणन की नीति गलत है तथा कृषि कार्य के लिये समयानुकूल नहीं है। यह नीति उस समय की है जब देश में खाद्यान्न बाहर से आता था तथा देश में खाद्यान्न का उत्पादन कम था। उस समय खुले बाजार में खाद्यान्न के दाम अधिक थे और उपभोक्ताओं को संरक्षण की आवश्यकता थी। आज हमारे देश में उत्पादन बढ़ने से पैदावार खपत से ज्यादा होने लगी है। अतः वर्तमान समय में उत्पादनों को संरक्षण मिलना आवश्यक है। प्रधान मंत्री ने उत्पादकों के संरक्षण का वचन भी दिया है। वर्तमान कृषि नीति में देश में उपलब्ध कृषि विस्तार के लिये मौजूद साधनों का समन्वय नहीं किया गया है। इस में बहुत तर्क की आवश्यकता नहीं है कि जिस समय खाद्यान्न की कमी थी तथा आज उत्पादन बढ़ा है इन दोनों हालतों में भिन्न भिन्न तरीका अपनाना होगा। वरना ज्यादा पैदावार के फलस्वरूप जो समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं जैसे पणन, मार्किटिंग, स्टोरेज प्राइज सपोर्ट, प्रोसेसिंग आदि की समुचित व्यवस्था भी करनी होगी। अन्यथा जो उत्पादन की तीव्र गति आई है वह अवरुद्ध हो जायेगी और किसान उदासीन हो जायेंगे।

गत वर्ष आलू का रेट 50 से 60 रुपये क्विंटल था और इस साल रेट घट कर तीस रुपये क्विंटल जब फ़रुखाबाद में हो गया तो सरकार को सहकारिता के माध्यम से बड़े पैमाने पर खरीद करना पड़ा जिससे किसानो को राहत मिली और फिर आलू का दाम 50 से 60 रु० क्विंटल हुआ। इस के लिये सरकार धन्यवाद की पात्र है। ऐसी स्थायी व्यवस्था करनी होगी जिससे नई फसल आने के समय किसान को उचित दाम मिल सकें अन्यथा ट्रेडर उसका लाभ उठायेंगे।

यह दशा मीरचई, धनिया, प्याज, गुड़ आदि की भी हुई है और पारसाल से ये समान आधे दाम पर इस साल बिक रहे हैं किसानों को भारी धक्का लग रहा है।

भारत में जमीन बहुत है, पानी है और सालों भर मिलने वाली सूर्य की रोशनी है। करीब करीब हमारी खेती वाली जमीन अमेरिका की खेतीवाली जमीन के बराबर है। दुनिया में मेरा सिंचाई सिस्टम बहुत बड़ा है तथा हमारे देश में दुगना पैदावार बढ़ाने की क्षमता मोजूद है। मेरे देश में सालों भर फ़सलें उगती हैं। हमारे वैज्ञानिक एवं तकनीशियनों की मांग विदेश में भी है। हमारे पास प्राकृतिक साधन भी हैं। मेरे नये बीज, ट्रैक्टर, पम्प, डीजल इन्जिन आदि बाहर भेजे जा रहे हैं। हम भारत की एक मुख्य कृषि उत्पादन का देश बन सकते है और बड़ी मात्रा में खाद्यान्न निर्यात कर बड़े पैमाने पर विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकते हैं। तब हम किसानों को लाभप्रद मूल्य भी दे सकते हैं और उनकी हालत में सुधार इन्दिरा जी के संकल्प को अमलीजामा पहना कर, कर दिखा सकते हैं। पंजाब में हम प्रदर्शित कर के दिखा दिये हैं कि भारत के औसत पैदावार से तिगुना, चौगुना, पैदा हम किये हैं। भारत के खेती की जमीन का केवल तीस प्रतिशत पंजाब में है परन्तु देश के पैदावार का 10 प्रतिशत पंजाब में उत्पादन होता है।

यह स्पष्ट है कि भारत में कृषि पर पहले बहुत जोर नहीं दिया गया। समाज में भी खेतीहरों की उतनी इज्जत के स्थान उन्हें पहले नहीं दिये गये तथा

[श्री नगीना राय]

कृषि उत्पादन के मूल्यांकन में उनकी बातें कम सुनी गई । बराबर शहरी उपभोक्ताओं को ध्यान में रखा गया ।

यह स्पष्ट है कि पूंजी की भूख से भारत की खेती बराबर तड़पती रही । यहां आधुनिक खेती के लिये 8 हजार रुपये प्रति हैक्टेयर चाहियें । अभी केवल 10 प्रतिशत खेती ही आधुनिकतम हुई है, जिसे याद करने पर (142–14) गुणा 8000 मिलियन-1024 बिलियन रुपया चाहिए ।

भारत के किसानों की हालत उस मरीज के बराबर है जिसे खून बहने के कारण खून चढ़ाया जा रहा हो और जितना खून दिया जा रहा हो उस से ज्यादा खून शरीर से बाहर निकल रहा हो । जो खर्च कृषि पर हो रहा है उसमें ज्यादा नुकसान एवं लीकेज में चला जा रहा है और 50 प्रतिशत का ही लाभ किसानों तक पहुंच पा रहा है । भारत का साधारण किसान जब सीमित साधन के आधार पर सोचता है कि खेती के लिये आधा बोरा यूरिया खाद खरीदें या स्त्री की फटी चिथड़ी साड़ी के बदले एक नई साड़ी खरीदें । आधुनिक नया बीज खरीदें या बच्चे की पढ़ाई का खर्च दें । तब वह फसला लेता है कि साड़ी खरीदे और पढ़ाई के लिए रुपया दें । किसान अपने उत्पादित सामानों को बेच कर जो सामान उपभोक्ता-वाला खरीदता है उसमें उसे ज्यादा अनुपात में खर्च पड़ता है ।

सरकार अपने बड़े साढ़ा के बफर स्टाक पर 650 करोड़ रुपया खर्च कर लागत से कम दाम पर बेचती है तब साधारण किसान को जिसमें माल रखने की क्षमता, आर्थिक कमजोरी के कारण नहीं है तथा स्टोरेज की सुविधा के अभाव में डीस्ट्रेस सेल कम दाम में करना पड़ता है । यातायात की असुविधा से अन्न को बाहर भेजना कठिन हो जाता है । अतः आप देखते हैं कि गेहूं इसी देश में 135 रुपए से 225 रुपए क्विंटल तक एक कोने से दूसरे कोने में बिकता है ।

निर्यात-आयात की कुंजी भी दूसरों के हाथ में रहने के कारण जो फैसला होता है, उससे किसानों को लाभप्रद मूल्य नहीं मिलता है । भारी रकम सरकार अन्न को सबसीडाइज रेट में उपभोक्ताओं को देने में लगाती है, जिससे किसानों को कोई लाभ नहीं होता है । प्रतिवर्ष 650 करोड़ सबसीडी दी जाती है, उसका लाभ मुख्यतः एफ. सी. आई. उठाता है । शार्टेज या बरबादी में एफ. सी. आई. उस सबसीडी का इस्तेमाल करती है ।

देश में कृषि उत्पादन में तेजी आई है और भारत सरकार का ध्यान इस तरफ गया है तथा कृषि मद में आवंटन में वृद्धि की गई है । भारत में कृषि के मद में 82–83 में 1143 करोड़ रुपए का प्रावधान है जबकि 81–82 में 945 करोड़, 80–81 में 741 करोड़ था । देश के कई भागों में प्राकृतिक प्रकोपों के बावजूद भी देश में सबसे ज्यादा खाद्यान्न 134 मिलियन टन पैदा हुआ, जबकि 80–81 में 129.9 मिलियन टन पैदावार था और 79–80 में 109.7 मिलियन टन था । अब 1982–83 में 141 मिलियन टन पैदावार की संभावना है । गन्ने की पैदावार भी 1981-82 में 170 से 180 मिलियन टन की संभावना है । जबकि 80–81 में 15.05 मिलियन टन था तथा 79–80 में 129 मिलियन टन था ।

दलहन एवं तिलहन में भी काफी वृद्धि हुई है । पांचवीं योजना (74–79)

के काल में जहां तिलहन पर 14 करोड़ की राशि का उपबन्ध था वहां छठी योजना में 65 करोड़ का उपबन्ध किया गया है । जहां दलहन पर पांचवीं योजना में 12 करोड़ की राशि थी, वहां छठी योजना में 17 करोड़ का उपबन्ध किया गया है ।

तिलहन 81–82 में 112 लाख टन पैदा हुआ जहां 80–81 में 94 लाख टन था । 82–83 में 120 लाख टन का लक्ष्य रखा गया है । दलहन 1981–82 में 125 लाख टन पैदा हुआ जहां 80–81 में 112 लाख टन था और 82–83 में 135 लाख टन का लक्ष्य रखा गया है ।

उन्नत बीज पर भी जोर दिया गया है । छठी योजना में 40.86 करोड़ रुपए का उपबन्ध है, जबकि पांचवीं योजना में 14.6 करोड़ था । जहां 79–80 में 14 लाख क्विंटल सर्टिफाइड सीड दिया गया वहां 81–82 में 30 लाख क्विंटल और 82–83 में 40 लाख क्विंटल का लक्ष्य है ।

कृषि पर ऋण का स्रोत आर बी आई है और कोआपरेटिव तथा कमर्शियल बैंक हैं । कोआपरेटिव बैंकों के माध्यम से जहां 60–61 में 214 करोड़ रुपए था वहीं 1980–81 में 1942 करोड़ हो गया ।

सहकारिता के माध्यम से

(रुपए करोड़ में)

वर्ष	एस. टी.	टर्म लोन क्रेडिट	टोटल
1980–81	1456	486	1942
1981–82	1703	553	2256
1982–83	2082	682	2764

कृषि के लिए सहकारी बैंक एवं कमर्शियल बैंकों को मिलाकर 1980–81 में 3377 करोड़ रुपए है और 1981–82 में 3800 करोड़ है ।

खाद :–

खाद का दाम बढ़ने के बावजूद भी किसानों ने 1981–82 में 61.3 लाख टन खाद का इस्तेमाल किया जो पिछले वर्ष से 11 प्रतिशत ज्यादा है, जबकि 4.9 प्रतिशत की वृद्धि 1980–81 में थी और 2.7 प्रतिशत की वृद्धि 1979–80 में थी । देश में भी खाद के उत्पादन में वृद्धि हुई है । जहां 1980–81 में 30 लाख टन का उत्पादन हुआ वहीं 1981–82 में 41 लाख टन का उत्पादन हुआ । इससे आयात में कमी हुई और विदेशी मुद्रा की बचत हुई ।

खाद की 49 प्रतिशत बिक्री सहकारिता के माध्यम से है ।

कीटनाशक दवाएं :—

प्लांट प्रोटेक्शन प्रोग्राम में जहां 1980–81 में 45000 टन दवा इस्तेमाल की गई वहीं 1981–82 में 50000 टन दवा का इस्तेमाल हुआ ।

दुग्ध उत्पादन जहां 1951 में 17.4 मिलियन टन था वह अब 81–82 में 33 मिलियन टन पर पहुंच गया है ।

उपरोक्त आंकड़ों से स्पष्ट हो रहा है कि हमारी खेती अधिक उत्पादन के रास्ते में अग्रसर है । परन्तु हमारे किसान भाइयों के इन्पुट्स के दाम ज्यादा मात्रा में बढ़ने के कारण खेती लाभप्रद नहीं हो पा रही है ।

इंडेक्स आफ प्राइसेस आफ एग्रीकल्चर इन्पुट्स में अगर गेहूं का मूल्य 1971 में 100 रुपए प्रति क्विंटल रखा जाए तो वह 1981–82 में 171.1 रुपए हो गया तथा उसी स्तर पर बिजली

[श्री नगीना राय]

1971 में 101.0 थी वह बढ़कर 246.4 हो गई । ट्रैक्टर्स 1971 में 109.6 था वह 1981 में 301.9 हो गया है । उर्वरक जो 1971 में 100.3 था वह 1981 में बढ़ कर 259.5 हो गया । कीट नाशक दवाएं जो 1971 में 102 थीं वे बढ़ कर 341.9 हो गई । लुबरिकेटिंग आयल जो 98.5 थे बढ़ कर 404.4 हो गए । पिग आयरन जो 100·8 था वह बढ़ कर 303.8 हो गया । अत : इनपुट के दामों में बड़ी वृद्धि हुई है । वे दुगुने और तिगुने हो गए हैं । कृषि कार्य के लिए बैंक ऋण पर सूद की दर 14 प्रतिशत से 19 प्रतिशत तक हो गई है जबकि दुनिया में कृषि के लिए बैंक दर बहुत कम है । थाइलैंड में 1 प्रतिशत तथा जापान, कोरिया मलेशिया फिलिपींस आदि में 3 से 4 प्रतिशत सूद पर खेती के लिए बैंक से ऋण उपलब्ध हो जाता है । अत : सूद की बैंक दर कम होनी चाहिये ।

चीनी का उत्पादन 1980–81 में 51.5 लाख टन हुआ जबकि 1979–80 में 38.9 लाख टन हुआ था । 1981–82 में 70 लाख टन होने की संभावना है । 8.5 रिकवरी के आधार पर मिनिमम प्राइस 13 रुपये प्रति क्विंटल रखी गई है जो लेवी शूगर के मूल्यांकन का बैस रह है। ए पी सी ने 15.5 रुपये प्रति क्विंटल की मिनिमम प्राइस बेस रख कर लैवी शूगर का दाम निर्धारित करने के लिए अनुशंसा की है । क्षमता उपयोग में सुधार लाना छठी योजना की सफलता का आधार है । क्षमता उपयोग पर प्रत्येक पूर्व योजना में बल दिया गया था किन्तु उस पर अमल नहीं हो सका । ऐसे समय जब साधन बहुत सीमित हो तब यह मांग करना सार्थक होगा कि उपलब्ध वित्तीय और पदार्थ सम्बन्धी साधनों का उपयोग बहुत सावधानी पूर्वक किया जाए ताकि उन से अधिकतम प्राप्ति हो सके । बुद्धिमत्तापूर्ण बात होगी कि उपलब्ध साधनों से कृषि क्षेत्र में मौजूदा सम्पत्ति में बृद्धि हो । इसका अर्थ है कि चीनी उद्योग और उसके भावी विकास, इसके पुनर्संचालन, आधुनिकीकरण और पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा बहार में चीनी मिलों के विस्तार को उच्च प्राथमिकता दी जाए । पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में किसान बड़ी संख्या में गन्ना उगाते हैं । गन्ना उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए जिस सहयोग की आवश्यकता होती है वह उन्हें मिल नहीं रहा है और न मिला है । इस क्षेत्र में उगने वाले गन्ने की किस्म में लंबे समय से कोई सुधार नहीं हुआ है । जल क्रांति और पानी के विकास की असुविधा के कारण गन्ने का उत्पादन कम है और परिणामस्वरूप चीनी मिलों में–क्षमता उपयोग भी कम है । 1965 में ही सेन चीनी जांच आयोग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे क्षेत्रों को उच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया था । इसका विचार था कि उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिले और बिहार के उत्तरी जिले आर्थिक दृष्टि से पिछड़े हुए हैं और इन में खनिज भंडार नहीं है । दूसरे शब्दों में यहां महत्वपूर्ण कच्चा माल उपलब्ध नहीं है जिस के आधार पर बड़े उद्योग लगाए जा सकें । संतुलित क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से इन क्षेत्रों को निर्धारित से अधिक प्राथमिकता मिलनी चाहिये । कम माल पहुंचने के कारण ये मिलें क्षमता से कम माल तैयार करती हैं । यह न्याय संगत होगा कि उपलब्ध साधनों के अनुसार इन्हें कुछ अतिरिक्त सहायता दी जाए जिससे कि गन्ने का उत्पादन बढ़े, उससे उपलब्धता और माल अच्छा निकले ताकि देश में सीमित साधनो का न्यूनतम उपयोग करने पर अनुकूल प्राप्ति हो सके । प्राथमिकताओं का उपयुक्त निर्धारण करके गन्ना उत्पादन और चीनी उद्योग को प्रोत्साहन, आधुनिकीकरण और पुनर्संचालन के लिए संयुक्त और समन्वित प्रयत्न करने होंगे । केन्द्र सरकार द्वारा नई नई चीनी मिलों को लाइसेंस देने का प्रस्ताव निराशाजनक है । छठी योजना के दौरान योजना आयोग ने चीनी उद्योग के लिए एक कार्य दल

का गठन किया है। 82 नई इकाइयां होंगी और 55 मिलों का विस्तार किया जाएगा। नई इकाई पर 656 करोड़ और विस्तार पर 220 करोड़ अर्थात् 876 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। विस्तार को प्राथमिकता मिलनी चाहिये क्योंकि यह कम खर्चीला है तथा शीघ्र लाभ देने वाला होता है। अगर छठी योजना में नई इकाइयों और विस्तार अनुपात को 25:75 कर दिया जाए तो लगभग 101 करोड़ की बचत होगी। साथ ही वही उद्देश्य वर्तमान फैक्टरियों का विस्तार कर उन्हें जरूरत भर गन्ने की आपूर्ति करके और किसानों की हालत में सुधार करके पूरा किया जा सकता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार को यह वरदान प्राप्त है कि यहां की मिट्टी में स्वाभाविक नमी मौजूद है और गंगा के मैदान की उपजाऊ मिट्टी विद्यमान है। भारत में ही सब से पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में चीनी उद्योग की शुरुआत हुई। 1930–1940 के बीच पूर्वी उत्तर प्रदेश में पूरे भारत के चीनी उत्पादन का 30.93 प्रतिशत और बिहार 40 प्रतिशत अर्थात पूरे देश का 70 प्रतिशत उत्पादन होता था। इस क्षेत्र में गन्ना एक मुख्य नकदी फसल है और यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मेरु दंड है। यहां प्रति व्यक्ति आय लगभग 250 रु० है जब कि देश की औसत आय 690 रु० है। पूरे भारत में 113 चीनी मिलें विस्तार के लायक हैं। जिसमें 37 पूर्वी उत्तर प्रदेश की और 28 बिहार की हैं।

देश में चीनी उत्पादन की क्षमता 6 लाख टन है। कम उत्पादन के कारण 300 करोड़ रु० की हानि हर साल होती है और सरकार को 45 करोड़ रु० का घाटा उत्पादन शुल्क और दूसरे करों में होता है। अब महाराष्ट्र की 10 संयुक्त इकाइयों में भी घाटा आने लगा है और महाराष्ट्र में भी घाटे की सीमा 45 करोड़ रु० तक पहुंच गई। इस आलोक में समता उपयोग की कमी को ध्यान में रख कर मौजूदा मिलों के आधुनिकरण एवं विस्तार को ही प्रथमिकता देनी चाहिये। नये मिलों की लाइसेंस देना न्याय संगत नहीं होगा। बन्द मिलों को भी चलाया जाय।

ए०पी०सी० का वही सुझाव यहां लागू होता है जो उपभोक्ताओं को सूट करता है और उत्पादकों के लिये इन-पुट्स का दाम कम करने का सुझाव जो ए०पी०सी० ने दिया है सरकार उस पर अमल नहीं करती है। लागत खर्च पर दाम की निश्चितता का रहस्य भी अजीब है। ए०पी०सी० ने खुद ही स्वीकार किया है कि दाम पूर्व वर्ष के खर्च के आधार पर तय होता है न कि वर्तमान वर्ष के खर्च की लागत पर। ए०पी०सी० की कमी भी खेती में जो रिस्क है उसका लेखा जोखा दाम तय करने में नहीं करता है, जब सभी जानते हैं कि बाढ़, सूखा, पत्थर, कीड़ों के प्रकोप एवं बीमारियों के चलते फसलें बरबाद होती हैं और यह मानव के कन्ट्रोल व शक्ति के बूते से बाहर हैं।

बिहार में विस्कोमान के पास 40 करोड़ की खाद पड़ी है जिस पर सूद की बड़ी रकम देना पड़ रहा है, सरकार उस सूद में अनुदान देकर इस सहकारी संस्था को घाटे से बचायें। मेरे सुझाव है कि :

1. ए०पी०सी० में वास्तविक किसानों का बहुमत रहे, जो खुद उत्पादन करते हों।

2. एस०टी०सी० की तरह एक अलग ऐग्रीकल्चरल कमोडिटी एक्सपोर्ट कारपोरेशन की स्थापना की जाय जो केवल कृषि एवं कृषि पर आधारित

[श्री तगीना राय]

सामानों का निर्यात करे तथा उस पर पूर्ण अधिकार रखे ।

3. पूरे देश को एक जोन ट्रीट किया जाये और देश के एक कोने से दूसरे कोने में माल जाने आने में किसी तरह की रोक टोक नहीं रहे ।

4. धान के लिये डीप वाटर वेसि-स्टंग किस्म के धान का अनुसंधान हो जिससे लाखों एकड़ डूबी हुई जमीन में खेती हो सके ।

5. वैज्ञानिक एक्सटेंनशन सेवा का का विस्तार पंचायत लेविल पर हो और वहीं खाद, बीज, कीटनाशक दवा, उन्नत कृषि औजार ,ऋण आदि प्राप्त हो जाय ।

6. क्रौप इन्श्योरेंस स्कीम का विस्तार पूरे देश में किया जाय और खासकर उस क्षेत्र में जहां प्राकृतिक प्रकोप से फसलें बरबाद होती हैं ।

7. इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिये ठोस कदम उठाये जायें ।

8. किसानों को उचित एकोनोमिक एवं रेम्यूनरेटिव मूल्य मिले ।

9. स्टोरेज और मारकेटिंग की सुलभ व्यवस्था हो ।

10. कीट नाशक दवाइयों का फ्री स्प्रेइंग हो जब कभी कीड़े बड़े पैमाने पर किसी क्षेत्र में आक्रमण करें ।

11. बिहार के लिये एक अलग बैंक रेक्रूटमेंट बोर्ड की स्थापना की जाय, जैसा कि मध्य प्रदेश के भोपाल में हुआ है और ग्रामीण बैंक की 1482 शाखायें 20,000 की जनसंख्या पर खुली हैं, उसे छोटा नागपुर एवं संथाल परगना आदिवासी क्षेत्र में 10,000 की जनसंख्या के आधार पर खोला जाये ।

12. छठी योजना में 5.50 करोड़ की लागत से जो उत्तरी पूर्वी रीजन में आधुनिक कृषि औजारों को बढ़ावा देने की स्कीम 1982-83 में चालू होने वाली है उसमें असम, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के साथ बिहार को जोड़ा जाय ।

13. आर० डी० आई० एग्रीकल्चर सेक्टर में ज्यादा राशि आवंटित करे ।

14. लाखों की संख्या में तरुण एवं उपयोगी गौवंश जो काटा जा रहा है उस पर गम्भीरता से विचार हो, क्योंकि ये ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था के आधार स्तम्भ हैं ।

उपरोक्त सुझावों के साथ मैं प्रधान मंत्री और कृषि मंत्री से अनुरोध करता हूं कि कृषि के लिये विशेष ध्यान रखा जाये, क्योंकि किसानों की आंखें आपकी तरफ बड़ी उम्मीद के साथ देख रही हैं ।

श्री वृद्धि चन्द्र जैन (बाड़मेर) : उपाध्यक्ष महोदय, कृषि के क्षेत्र में हमारी सरकार ने जो प्रगति की है, उसके लिये हमें, हमारी सरकार, हमारे किसानों और वैज्ञानिकों को, सभी को गर्व है कि हम कृषि के उत्पादन में सेल्फ सफीशिएंट, आत्म-निर्भर हो चुके हैं । परन्तु आत्म-निर्भर होने से ही हमारा प्रयोजन सफल नहीं हो पाता, जब कि कि हमारी 75 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है तो हमारा प्रोडक्शन और बढ़ना चाहिये और यह स्थिति पैदा होनी चाहिये कि हमारे फूड स्टाक की स्थिति साउंड होनी चाहिये । पहले 2 करोड़ टन फूड हमारे रिजर्व स्टाक में था, किन्तु अब वह स्थिति नहीं है ।

इसलिये यह प्रयास किया जाना चाहिये कि रिजर्व में जितना भी फूड स्टाक रखा जायेगा, उतना ही हम कीमतों पर कन्ट्रोल कर सकेंगे और हमारी कृषि की इकनामी व्यवस्थित हो सकेगी ।

कुछ मुद्दों पर अपने विचार मैं रखना चाहता हूं, खास तौर से जो रेगिस्तान से संबंधित हैं । डैजर्ट डैवलपमेंट का प्रोग्राम 1977–78 में शुरू किया गया जो कि सेंट्रली स्पौंसर्ड स्कीम थी । एग्रीकल्चर कमीशन की रिकन्डडेशन के अनुसार वह कार्यक्रम शुरू किया गया और उसकी आवश्यकता भी थी ।

इसमें जो राशि का प्रावीजन किया गया है उसके मुकाबले डैजर्ट का एरिया इतना बड़ा है जिसमें अभी आपने 21 डिस्ट्रिक्टस् शामिल किये हैं । राजस्थान के अधिकांश डिस्ट्रिक्ट्स उसमें सम्मिलित हैं । यह बड़ा महत्वपूर्ण कार्यक्रम है और इसमें ऐसे क्षेत्रों का विकास करना है जोकि हर तरह से सूखे से प्रभावित होते हैं । मैं अभी भी आपको बताना चाहता हूं कि हमारे राजस्थान में सबसे ज्यादा सूखे से प्रभावित क्षेत्र हैं, यह रेगिस्तानी क्षेत्र हैं, इसमें बाड़मेर और जैसलमेर हैं, जिनका मैं प्रतिनिधि हूं । आपने जो प्रावीजन कर रखा है, वह अधिक से अधिक 10 करोड़ रूपये सालाना का प्रावधान है । छठी पंचवर्षीय योजना में 50 करोड़ का और है । मेरा ही क्षेत्र केरल प्रान्त से डबल है, हरियाणा से ड्योड़े से ज्यादा है, उसके बावजूद जोधपुर, जालौर डिस्ट्रिक्ट वगैरह 11 डिस्ट्रिक्ट हैं । कहने का अर्थ यह है कि इन डैजर्टस को हम वलप डैकरना चाहते हैं, इसमें हरियाणा का भी क्षेत्र लिया है, हिमाचल, गुजरात, जम्मू-काश्मीर का लद्दाख का एरिया भी इसमें लिया है ।

जिस प्रकार से शिड्यूल्ड ट्राइब्ज एरिया के बारे में सेंट्रल की स्पेशल एसिस्टेन्स स्कीम हैं, उनका जो सब-प्लान बनाया गया है, इन एरियाज का भी सब-प्लान बना देना चाहिये । जो सीमावर्ती क्षेत्र हैं, चाहे पाकिस्तान की सरहद हो, जम्मू-काश्मीर का लद्दाख का पोर्शन जो चीन--पाकिस्तान की सीमा पर है, उधर बाड़मेर, जैसलमेर डिस्ट्रिक्ट्स हैं जो कि सीमावर्ती हैं, कहने का अर्थ यह है कि एक तो सीमावर्ती क्षेत्र के लोग हैं, जिनका मोरल बूस्ट करना है, और दूसरी और डैजर्टस को विकसित करना है । जैसी शिड्यूल्ड ट्राइब्ज की स्थिति है, वही इन एरियाज की भी स्थिति है, चारों तरफ जब सूखा हो, तो इन लोगों की किस प्रकार की स्थिति होती है, इसलिये आवश्यक है कि इन एरियाज के लिये सेंट्रल स्पेशल एसिस्टेन्स स्कीम के अन्तर्गत सब-प्लान करके इसका प्रावीजन किया जाये । पहले 250 करोड़ रुपये का एक सब-प्लान बनाया जाये और उसके बाद राशि को सातवीं प्लान में और बढ़ाया जाये ताकि हम कह सकें कि हम कितने अर्से में इस डैजर्ट की समस्या को हल कर सकेंगे ।

दूसरी बात फैमिन की है । फैमिन और फ्लड के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं.....

MR. DEPUTY-SPEAKER: You may continue your speech the next day. The House stands adjourned till 11 a.m. Thursday, the 15th April.

18 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, 15 April, 1982 Chaitra 25, 1904 (Saka).

GMGIPND—Job. III—491 LS—1-8-82—890.